प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 30.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000000

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2025–26 के दौरान भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगीं बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि निजी खपत में बढोतरी, बैंकों और कॉरपोरेट कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट, वित्तीय स्थिति में सुधार और पूंजीगत व्यय पर सरकार का निरंतर जोर भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि बनाए रखने में सहायक होगां रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि घरेलू मांग में सुधार, उच्च क्षमता उपयोग, कॉरपोरेट्स और बैंकों की स्वस्थ बैलेंस शीट तथा उपभोक्ता और व्यापार तथा विनिर्माण क्षेत्र में और तेजी आने की उम्मीद हैं

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में 15 नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार–2025 प्रदान किएं यह पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया हैं इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव उपस्थित थें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों की सराहनीय सेवाओं के सम्मान में इस पुरस्कार को दिए जाने की घोषणा वर्ष 1973 में की थीं

00000

गृह मंत्रालय के निर्देशों पर कल प्रदेश के सभी 41 जिलों में ऑपरेशन शील्ड के तहत सिविल सेफ्टी मॉक ड्रिल की जायेगीं नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक जगजीत सिंह मोंगा ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट को दिशा निर्देश जारी किये हैं गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार कल शाम जिलों में मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास कराया जायेगां शत्रुतापूर्ण हमले के खिलाफ नागरिक सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए यह अभ्यास किया जाएगां ऑपरेशन शील्ड के दौरान दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों से हवाई हमले, वायु सेना और नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्षों के बीच हॉटलाइनों को सक्रिय करने से संबंधित अभ्यास किये जाएंगें

00000

शिक्षा विभाग की ओर से आज पांचवी कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया हैं जयपुर के शिक्षा संकुल में परिणाम घोषित किया गयां शिक्षा मंत्री मदन दिलावर इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जुडें परिणाम जारी करने के दौरान शासन सचिव कृष्ण कुणाल और निदेशक सीताराम जाट भी मौजूद रहें गौरतलब है कि ये परीक्षा सात से 17 अप्रैल तक आयोजित की गई थीं परीक्षा में 13 लाख 30 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी पंजीकृत थें

0000

सिक्ख धर्म के पांचवे गुरू और श्री गुरू ग्रंथ साहिब के संकलनकर्ता अर्जन देव जी की शहीदी दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं हनुमानगढ़ टाउन स्थित गुरूद्वारा सुखा सिंह–मेहताब सिंह में अखण्ड ज्योति पाठ किया जा रहा हैं गुरूद्वारे में रागी जत्थे गुरू गुणों का बखान कर रहे हैं इससे पहले सुबह नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लियां भरतपुर के पाईबाग स्थित गुरूद्वारे को आकर्षक रोशनी से सजाया गया हैं गुरूद्वारों में अटूट लंगर बरता जा रहा हैं मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया संदेश में गुरू अर्जन देव जी को नमन करते हुए लिखा कि उनकी अमूल्य शिक्षाएं और आदर्श जीवन सभी को सत्य, धैर्य और धर्म की रक्षा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगें

000

आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस हैं आज ही के दिन देश का हिन्दी का पहला समाचार पत्र उदंत मार्तंड प्रकाशित हुआ थां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस अवसर पर प्रदेश के पत्रकारों को शुभकामनाएं दी हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि हिन्दी पत्रकारिता भारतीय लोकतंत्र की आवाज रही है और सामाजिक चेतना जन जागरण तथा राष्ट्र निर्माण में इसका अतुलनीय योगदान रहा हैं

0000

प्रसार भारती—प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो—विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया हैं पीबी शब्द कॉपीराइट—मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत हैं

00000

अरब सागर में बने हवाओं के परिसंचरण तंत्र के कारण बन रही नमी भरी हवाओं से प्रदेश में मौसम में बदलाव आया हैं राज्य के कई जिलों में बादल छाने, तेज आंधी और बरसात के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई हैं बीते 24 घंटों में लू से जूझ रहे बाड़मेर में अधिकतम तापमान गिरकर 40. डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गयां श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री मापा गयां इस बीच आज राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बादल छाये हुए हैं पाली में सुबह बरसात हुई इससे मौसम सुहावना हो गयां मौसम विभाग के अनुसार आंधी और बारिश का यह सिलसिला अगले दो से तीन दिन तक जारी रह सकता हैं इससे गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना हैं आज भरतपुर, जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं—कहीं वर्षा की संभावना हैं

00000

आईपीएल क्रिकेट में आज गुजरात टाइटन्स और मुम्बई इंडियंस की टीम आमने सामने होगीं ये मैच चंडीगढ में शाम साढे सात बजे से खेला जायेगां इस मैच में जीतने वाली टीम 1 जून को दूसरे क्वालीफायर मैच में पंजाब किंग्स से मुकाबला करेगीं दूसरे क्वालीफायर मेच में जीतने वाली टीम का सामना 3 जून को फाइनल मुकाबले में रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरू से होगां गौरतलब है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने कल पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया हैं

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय को जल्दी ही तीन नए न्यायाधीश मिलेंगें सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कल वकील कोटे से नियुक्ति के लिए भेजे गए तीन नामों पर अपनी स्वीकृति दे दी हैं राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से अधिवक्ता बिपिन गुप्ता, संजीत पुरोहित और रवि चिरानिया के नाम भेजे गये थे कॉलेजियम की ओर से केन्द्र सरकार को जल्दी ही सिफारिश भेजी जाएगी और राष्ट्रपति भवन से इनकी नियुक्ति वारंट जारी होने के बाद इनका शपथ ग्रहण समारोह होगां

0000